-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 27.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **❖ ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा गुम हुए 03 वर्षीय बच्ची को आधे घण्टें के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गुम हुए 03 वर्षीय बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 27.06.2026 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के रहने वाले तौसीन खान द्वारा मेडिकल कॉलेज चौकी पर सूचना दी कि उनकी 03 वर्षीय पुत्री ऑक्सीजन पार्क में खेलते-खेलते कहीं गुम हो गयी है काफी खोजबीन किया लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। सूचना पर तत्काल मेडिकल कॉलेज चौकी प्रभारी श्री वीरेन्द्र त्रिपाठी द्वारा पुलिस टीम के साथ सक्रियता एवं तत्परता से आसपास के लोगों से पूछताछ तथा संभावित स्थानों पर तलाश करते हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया तथा परिजनों को सुपुर्द कर दिया। परिजन द्वारा बच्चे के वापस पाकर पुलिस टीम की सराहना करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।